
अराजकता | मदन महल स्टेशन पर अराजक हुए हालात

# कौन चढ़े एफओबी, पटरी ही सही !


एक दो नहीं बल्कि छह यात्रियों का समूह ट्रैक पार करता हुआ


पटरी पार करते यात्री



ताले की क़ैद में प्रसाधन



चेतावनी बनी महज़ दिखावा


सालों से बंद पड़ी एटीवी मशीन

**जबलपुर, नवभारत।** शनिवार का दिन, दोपहर का वक्त, सुनसान पड़ा मदन महल पिंक रेलवे स्टेशन और मनमानी करते यात्रीगण। मदन महल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों द्वारा सरेआम रेल नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। स्टेशन पर कोई भी ट्रेन आते ही रोजाना सैकड़ों यात्री ओवर ब्रिज की बजाय पटरी पार कर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर आते-जाते हैं। ये हाल तब है जब पूर्व में इसी रेलवे स्टेशन पर पटरी पार करते वक्त दुर्घटना घट चुकी है। जिसमें लगभग आधा दर्जन लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। जिसके बाद रेलवे ने प्लेटफार्म पर चेतावनी के साथ साथ 1 नंबर साइड फेंसिंग भी लगा दी थी बाबजूद इसके यात्री अपने मनमर्जी के मालिक बने हुए है।

### टॉयलेट में ताला

मदन महल रेलवे स्टेशन में इन दिनों समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। प्लेटफार्म क्रमांक 4 पर दिव्यांगों की सहूलियत के लिए बनाए गए शौचालय अब तालों की कैद में है। जिसके कारण प्लेटफार्म पर आने वाले दिव्यांगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें न चाहते हुए भी साधारण शौचालयों का उपयोग करना पड़ रहा है।

**केस 1**-नवभारत द्वारा शुक्रवार को भी मदन महल स्टेशन में देखा गया कि पटरी पर ट्रेन आने के पांच मिनट पहले भी लोग पटरियों के उपर से आते-जाते नजर आए। इसके बावजूद भी रेल सुरक्षा बल द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जैसे ही सोमनाथ एक्सप्रेस प्लेटफार्म चार पर पहुंची तो एक साथ सैकड़ों यात्री ट्रेन के दूसरे दरवाजे से उतरकर पटरी पार कर रहे थे। इस दौरान रेलवे के अधिकारी व कर्मचारी भी प्लेटफार्म पर मौजूद नहीं थे।

**केस 2**-पैसेंजर ट्रेन से उतरा यात्रियों का समूह मालगाड़ी के गुजरते ही पटरी पार करने लगा। कई बार तो लोग ट्रेनों के गुजरने का इंतजार भी नहीं करते है। आलम यह है कि सिग्नल नहीं मिलने पर कई बार एक्सप्रेस ट्रेन और मालगाड़ी स्टेशन पर आकर खड़ी हो जाती हैं। ऐसे में लोग 5 से 10 मिनिट तक रुकने की बजाए खड़ी ट्रेन के नीचे से निकलने में भी गुरेज नहीं करते है।

### बंद पड़ी एटीवीएम

मदन महल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए लगाई गई ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनें (एटीवीएम) इन दिनों केवल शो पीस बनकर रह गई हैं। स्टेशन पर मशीनें मौजूद होने के बावजूद उनके बंद रहने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टिकट लेने के लिए लोगों को घंटों लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, जिससे यात्रियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार मदन महल स्टेशन पर दो ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन सालों से बंद पड़ी है। इन मशीनों के माध्यम से बिना लाइन में लगे आसानी से टिकट मिलने की सुविधा थी। खासकर सुबह और शाम के समय कार्यालय जाने वाले यात्रियों, छात्रों और दैनिक यात्रियों को इससे काफी सहूलियत होती थी। लेकिन अब इस मशीन के बंद रहने के कारण यात्रियों की समस्या दोगुनी हो चुकी है।

# कम क्षमता वाले वेयरहाउसों को बना दिया केंद्र

गेहूं उपार्जन में मनमानी अधिकारियों की चुप्पी



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर में गेहूं उपार्जन व्यवस्था में अनियमितताओं और पक्षपात के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। आरोप है कि समितियों के कर्मचारी नियमों को ताक पर रखकर अपने रिश्तेदारों और परिचितों को लाभ पहुंचा रहे हैं, जबकि अधिकारी इस पूरे मामले में निष्क्रिय बने हुए हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आरछा समिति द्वारा शिवम वेयरहाउस में केंद्र स्थापित किया गया, जबकि संबंधित वेयरहाउस संचालक का पिछली खरीदी में सहयोग नहीं रहा था। बावजूद इसके, रिश्तेदारी के चलते दबाव बनाकर केंद्र स्वीकृत कर दिया गया। इसी तरह शहपुरा क्षेत्र में काकुल वेयरहाउस को प्राथमिकता सूची से हटकर केंद्र बनाया गया, जबकि उसकी क्षमता निर्धारित मानकों से काफी कम है।

### 25 से 50 किलोमीटर दूर तक बनाए केंद्र

उपार्जन के लिए कुछ मामलों में तो समितियों के केंद्र 25 से 50 किलोमीटर दूर तक स्थापित कर दिए गए हैं, जिससे किसानों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि हर स्तर पर मनमानी देखने को मिल रही है। योग्य और निकट में स्थित गोदामों को नजरअंदाज कर निजी हितों के आधार पर फैसले लिए जा रहे हैं। इससे न केवल व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि किसानों की सुविधा और शासन की नीतियों पर भी असर पड़ रहा है।

### पर्याप्त क्षमता वाले गोदाम पड़े खाली

जिले के कई क्षेत्रों में पर्याप्त क्षमता वाले गोदाम खाली पड़े हैं, लेकिन उन्हें केंद्र नहीं बनाया गया। इसके विपरीत, कम क्षमता या दूरस्थ स्थानों पर स्थित वेयरहाउस को प्राथमिकता दी गई है। हैरानी की बात यह है कि कई ऐसे वेयरहाउस, जहां पहले कई बार खरीदी हो चुकी है, इस बार अनुपयुक्त घोषित कर दिए गए हैं। उदाहरण के तौर पर महादेव वेयरहाउस को इस बार अयोग्य बताया गया, जबकि पूर्व में यहां सफलतापूर्वक खरीदी होती रही है।

# फर्जी बही के जरिए कृषि भूमि हथियाने रची साजिश

विजय नगर पुलिस ने दो पर दर्ज की एफआईआर




**जबलपुर।** फर्जी बही के जरिए एक कृषि भूमि हथियाने रचे गए साजिश का भंडाफोड़ हुआ है। विजय नगर पुलिस ने मामले में दो मुख्य आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और षड्यंत्र का मामला दर्ज कर लिया है ।

जानकारी के अनुसार चन्द्रकांता व्यास (70) निवासी दीक्षितपुरा उपरेनगंज ने सीधे पुलिस अधीक्षक को शिकायत करते हुए बताया कि चन्द्रकाता दुबे एंव राजेश पटेल द्वारा एक राय होकर षडयत्र पूर्वक पहचान पत्र में कूटरचना करके अवैध लाभ अर्जित करने उसकी कृषि भूमि के नाम की फर्जी बही हासिल करने के लिये तहसील आधारताल कार्यालय में आवेदन देकर उसकी जमीन भूमि खसरा न. 306/1 को हथियाने की कोशिश की है । वकील के माध्याम से उपरोक्त भूमि के संबंध में अपना मालिकाना हक बता धोखाधडी की है। जांच में पाया गया कि चन्द्रकांता दुबे और राजेश पटेल ने मिलकर चन्द्रकान्ता व्यास की बेशकीमती कृषि भूमि पर कब्जा करने का प्लान बनाया था। आरोपियों ने एक राय होकर पीड़िता के पहचान पत्र के साथ छेड़छाड़ की और खुद को असली मालिक बताते हुए तहसील कार्यालय में नई बही (ऋण पुस्तिका) जारी करने का आवेदन दे दिया था। जब मामला पुलिस के पास पहुंचा और लिखित शिकायत की जांच की गई, तो परत दर परत जालसाजी सामने आती गई। दस्तावेजों के मिलान और तहसील रिकॉर्ड की जांच में पाया गया कि आरोपियों द्वारा पेश किए गए साक्ष्य पूरी तरह फर्जी थे। पुलिस ने आरोपिया चन्द्र कान्ता दुबे, राजेश पटेल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है ।

# ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग



**जबलपुर।** शहर के व्यस्त मुख्य मार्ग पर रविवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक भीषण आग लग गई। आग की ऊंची-ऊंची लपटें और घना धुआं दूर से ही दिखाई देने लगा, जिससे राहगीरों और आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। फायरमैन जगदीश सिंह के अनुसार, रविवार 19 अप्रैल को दोपहर करीब 2:30 बजे 33 केवी और 11 केवी लाइन से जुड़े ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद तुरंत दमकल की दो गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए करीब 35 मिनट में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, लेकिन स्थिति को जल्द ही सामान्य कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लेने से किसी बड़े हादसे से बचाव हो गया।

# पारा 42 .5 डिग्री : सीजन का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड



**जबलपुर।** शहर लू की चपेट में आ गया और भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया। तापमान हर दिन अपने ही रिकॉर्ड तोड़ रहा है। रविवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया। पारा उछाल मारकर सीधे 42.5 डिग्री पर पहुंच गया जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक रहा। अधिकतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से सूर्यदेव उग्र रहे । दिनभर गरम हवाएं झुलसाती रही। चिलचिलाती धूप ने लोगों को बेहाल किया । सुबह के वक्त आद्रता 28 तो शाम को 22 प्रतिशत दर्ज की गई। पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किमी की रफ्तार से चल रहीं थी ।

### 22 तक तापमान दिखायेगा तेवर

मौसम विभाग की माने तो एक नया पश्चिमी विक्षोभ 23 अप्रैल से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। आने वाले 22 अप्रैल तक जबलपुर जिले में दिन का तापमान 41 से 42.5 डिग्री सेल्सियस और एवं रात का तापमान 22 से 23.5 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है, जिस कारण दिन में लू भी चल सकती है।

### ये सिस्टम है सक्रिय

मौसम विभाग की माने तो दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और आसपास के क्षेत्र में 1.5 किमी ऊँचाई पर स्थित ऊपरी वायु चक्रवातीय परिसंचरण बना हुआ है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्र में माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी ऊँचाई पर स्थित ऊपरी वायु चक्रवातीय परिसंचरण बना हुआ है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के उपरोक्त चक्रवाती परिसंचरण से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी ऊँचाई पर उत्तर-दक्षिण दिशा में एक ट्रफ विस्तृत है। उत्तर भारत के ऊपर, माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी ऊँचाई पर लगभग 148 किमी घंटा की गति से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही है।

# जनगणना 2027 : अनुपस्थित 49 कर्मियों को जारी कारण बताओ नोटिस

प्रशिक्षण को लेकर प्रशासन ने दिखाई सख्ती और सक्रियता



**नवभारत, जबलपुर।** भारत की आगामी जनगणना 2027 को त्रुटिहीन और सुव्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम जबलपुर ने सख्ती शुरू कर दी है। शहर के आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान माढ़ोताल में तीन दिवसीय सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ।

नगर निगम के 16 संभागों में से महत्वपूर्ण संभागों 06, 11, 12, 13, 14, 16 के 885 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के लिए यह सत्र आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनगणना के दौरान डेटा संकलन पूरी सटीकता के साथ हो।

प्रशासन ने इस कार्य की गंभीरता को देखते हुए अनुशासन के कड़े मानक तय किए हैं। प्रशिक्षण के पहले दिन अनुपस्थित रहने वाले 49 कर्मियों को तत्काल 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया गया है।जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मियों को पूरी गंभीरता के साथ अपनी ड्यूटी निभानी होगी।

### आगामी सत्रों की तैयारी

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में आईटीआई परिसर में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से की गई हैं। प्रशिक्षण का अगला चरण अन्य संभागों के लिए भी तय कर दिया गया है। ?संभाग क्र. 01, 02 और 15 का प्रशिक्षण 23 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026 तक, ?नगर निगम ने इस पूरे कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विशेषज्ञों और सहायक कर्मचारियों की एक समर्पित टीम तैनात की है, ताकि जबलपुर शहर जनगणना के मानकों पर खरा उतर सके।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को रौंदा, युवक की मौत

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अंतर्गत नटवारा चौराहे पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम नटवारा निवासी संतोष सिंह राजपूत (39) शनिवार को अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एम एक्स 4565 से शहपुरा गया था। जब वे वापस गांव लौट रहा था तभी नटवारा चौराहे के पास सड़क पार करते समय सामने से आ रही कार क्रमांक एमपी 19 जेड एस 5201 ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि संतोष सिंह उछलकर काफी दूर जा गिरा। घटना के तुरंत बाद स्थानीय दुकानदारों ने मृतक के छोटे भाई कृष्ण कुमार राजपूत को फोन पर सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा कि संतोष सिंह के सिर, माथे, सीने और पैरों में गंभीर चोटें आई थीं। आनन-फानन में शहपुरा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर दुर्घटनाकारित कार खड़ी मिली। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### रफ्तार का कहर, अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

संजीवनीनगर थाना अंतर्गत धनवंतरीनगर के पास बहदन पुल पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सागर कॉलोनी निवासी मुकेश मिश्रा तीन पत्ती बस स्टैंड पर सलूजा टायर की दुकान संचालित करते हैं जिनको उनके जीजा हेमंत दुबे ने रात करीब 9 बजे फोन पर इस अनहोनी की सूचना दी। उन्होंने बताया कि उनके बेटे प्रियांशु दुबे (20) का बायपास स्थित बहदन पुल के पास एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे, जहाँ का नजारा हृदय विदारक था। प्रियांशु सड़क पर मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। अज्ञात वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर लगने से प्रियांशु के सिर और कंधे का हिस्सा पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया था। उसकी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एन एस 2652 भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त पाई गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्यवाही की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब बायपास पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि टक्कर मारकर भागने वाले वाहन की पहचान की जा सके और आरोपी चालक को गिरफ्तार किया जा सके।






















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाउन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाउन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57